# राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर

(अस्थाई कार्यालय : महिला छात्रावास भवन, बाबूशोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय परिसर, अलवर)

Phone : 0144-2730321, 2730327, 2980046 FAX : 0144-2730321

Website :- www.rrbmuniv.ac.in


क्रमांक :— राऋभमवि / अलवर / अकादमिक—I / 2017 / 77-90/II दिनांक :— 23.12.2017

## प्रबन्ध मण्डल की चतुर्थ बैठक दिनांक 06.12.2017 का कार्यवाही विवरण

दिनांक 06—12—2017 दिन बुधवार प्रातः 11:00 बजे एम.आई.टी.आर.सी., अलवर में राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर के प्रबन्ध मण्डल की बैठक हुई, जिसमें निम्नलिखित मा0 सदस्य उपस्थित हुए :—

1. डॉ० भारत सिंह — मा0 कुलपति एवं अध्यक्ष
2. श्री जयराम जाटव — मा0 विधायक, अलवर (ग्रामीण) एवं सदस्य
3. डॉ० केशरी नंदन मिश्र — प्रख्यात शिक्षाविद एवं सदस्य
4. प्रो० गुलाब सिंह चौहान — प्रख्यात शिक्षाविद एवं सदस्य
5. डॉ० बनवारी लाल नाटिया — प्रख्यात शिक्षाविद एवं सदस्य
6. श्री आर.सी. अग्रवाल, — प्राचार्य एवं सदस्य
7. डॉ० जी.डी. मेहंदीरत्ता, — डीन, कॉमर्स संकाय एवं सदस्य
8. डॉ० हुकम सिंह, — डीन, कला संकाय एवं सदस्य
9. श्री रमेश चन्द भारद्वाज, — रजिस्ट्रार एवं सदस्य सचिव

बैठक के प्रारम्भ में मा0 कुलपति एवं अध्यक्ष डॉ0 भारत सिंह ने उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया। अध्यक्ष महोदय ने वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2017—18 में विश्वविद्यालय की प्रमुख उपलब्धियों व गतिविधियों की संक्षेप में जानकारी दी।

इसके पश्चात अध्यक्ष की अनुमति से एजेंडा बिन्दुओं पर विचार विमर्श कर निर्णय लिये गये।

**बिन्दु संख्या 01 :— गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि।**

प्रोफेसर गुलाब सिंह चौहान ने यह कहा कि बैठक में सुझाव देने वाले सदस्यों के नाम का उल्लेख कार्यवाही विवरण में किया जाना चाहिए। मा0 विधायक श्री जयराम जाटव ने कृत कार्यवाही रिपोर्ट (Action Taken Report) को बैठक की कार्यवाही विवरण के साथ प्रस्तुत करने का सुझाव दिया। विचार विमर्श के पश्चात गत बैठक दिनांक 28—07—2017 की कार्यवाही की पुष्टि की गयी।

**बिन्दु संख्या 02 :—**

(i) – राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर द्वारा वर्ष–2018 में आयोजित की जाने वाली परीक्षा (शैक्षणिक सत्र 2017–18) में स्नातक द्वितीय वर्ष, स्नातक तृतीय वर्ष तथा स्नातकोत्तर उतरार्द्ध कक्षाओं के लिए वर्ष–2018 की परीक्षा हेतु राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम (वार्षिक योजना, परीक्षा वर्ष–2018), जो वेबसाईट www.uniraj.ac.in पर उपलब्ध है, को लागू किये जाने का अनुमोदन। (u/s) 12(6)& 49 of RRBMU, Alwar Act 2012)

(ii) – परीक्षा वर्ष 2018 हेतु स्नातक प्रथम वर्ष व स्नातकोत्तर पूर्वार्द्ध कक्षाओं के जिन विषयों में राज ऋर्षि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर का अपना पाठ्यक्रम निर्धारित नही किया गया है, उनके लिए राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर द्वारा ~~द्वारा~~ निर्धारित पाठ्यक्रम (वार्षिक योजना, परीक्षा वर्ष–2018), जो वेबसाईट www.uniraj.ac.in पर उपलब्ध है, को लागू किये जाने का अनुमोदन। (u/s) 12(6)& 49 of RRBMU, Alwar Act 2012)

(iii) –स्नातक द्वितीय, तृतीय वर्ष व स्नातकोत्तर उत्तरार्द्ध के जिन विषयों में परीक्षा वर्ष 2018 के लिये राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर का पाठ्यक्रम (वार्षिक योजना) उपलब्ध नहीं है, उनके लिये उक्त विश्वविद्यालय के पूर्ववर्ती सत्र का सम्बन्धित पाठ्यक्रम, जो वेबसाईट www.uniraj.ac.in पर उपलब्ध है, को लागू किये जाने का अनुमोदन। (u/s) 12(6)& 49 of RRBMU, Alwar Act 2012)

**निर्णय :—** उपरोक्त सभी प्रस्तावों (i,ii,iii) का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

**बिन्दु संख्या 03 :—** राज ऋर्षि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर में वर्तमान शैक्षणिक सत्र (2017—18) से संचालित चार वर्षीय Integrated Course (B.A. B.Ed.एवं B.Sc. B.Ed) के लिये राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर की Scheme (वार्षिक योजना), जो वेबसाईट www.uniraj.ac.in पर उपलब्ध है, तथा राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर द्वारा जारी स्नातक प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रम (परीक्षा वर्ष 2018) को लागू किये जाने का अनुमोदन। (u/s) 12(6)& 49 of RRBMU, Alwar Act 2012)

**निर्णय :—** डॉ0 बनवारी लाल नाटिया ने यह बताया कि बी.एड, वाणिज्य तथा मैनेजमेन्ट से सम्बन्धित पाठ्यक्रम निर्माण में सहयोग दे सकते हैं। इस पर सदस्यों ने निर्णय लिया की डॉ0 बी.एल. नाटिया को उक्त विषयों के अध्ययन मण्डल की बैठक में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में सम्मिलित किया जाए। प्रस्तुत उक्त चार वर्षीय

Integrated Course (B.A. B.Ed.एवं B.Sc. B.Ed) से सम्बन्धित प्रस्तावों को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।

**बिन्दु संख्या 04** :– पुनर्गठित अध्ययन मण्डल (Board of Studies) से संबंधित अधिसूचना क्रमांकः–राऋभमवि / अलवर / अकादमिक–I / 2017 / 08 दिनांक :–12 / 09 / 2017 का अनुमोदन।

**निर्णय :–** प्रोफेसर गुलाब सिंह चौहान ने राजनीति विज्ञान के अध्ययन मण्डल में डॉ0 एस.एल. मीणा, विभागाध्यक्ष, राजनीति विज्ञान विभाग, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर को बाह्य सदस्य के रूप में सम्मिलित किये जाने का सुझाव दिया, जिसे स्वीकार करते हुए उपरोक्त प्रस्ताव का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

**बिन्दु संख्या 05** :– दिनांक 08–11–2017 को आयोजित वित्त समिति की बैठक में लिये गये निर्णयों का अनुमोदन।

**निर्णय :–** प्रोफेसर गुलाब सिंह चौहान ने वित्त समिति की बैठक के कार्यवाही विवरण में शिक्षक कल्याण कोष की कटौती राशि के लेखे को पृथक सन्धारित करते हुए इसमें उपलब्ध वास्तविक राशि का उल्लेख किये जाने का सुझाव दिया, जिसे स्वीकार कर वित्त समिति के निर्णयों को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।

**बिन्दु संख्या 06** :– विश्वविद्यालय आईटी विभाग हेतु आईटी Professionals-Computer Programmer, System Analyst की व्यवस्था / DOIT से प्रतिनियुक्ति के प्रस्ताव का अनुमोदन।

**निर्णय :–** यथा प्रस्तावित प्रस्ताव पर विचार कर अनुमोदन किया गया।

**बिन्दु संख्या 07** :– विश्वविद्यालय भवन निर्माण समिति के गठन के प्रस्ताव का अनुमोदन।

**निर्णय :–** मा0 विधायक श्री जयराम जाटव ने सुझाव दिया की उक्त समिति में अधीक्षण अभियन्ता अथवा उनके प्रतिनिधि के रूप में **सहायक अभियन्ता के स्थान पर अधिशासी अभियन्ता** स्तर के इंजीनियर को रखा जाए, जिसे स्वीकार किया गया। इस समिति में प्रबन्ध मण्डल में से डॉ0 हुकम सिंह को सदस्य के रूप में नामित किया। कुलसचिव ने विश्वविद्यालय प्रशासनिक एवं परीक्षा भवन हेतु आर.एस.आर.डी.सी. से प्राप्त मानचित्र के बारे में अवगत कराया। विचार विमर्श कर उपरोक्त प्रस्ताव को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।

**बिन्दु संख्या 08** :– विश्वविद्यालय में 05 विभागों के संचालन के लिए कुल 30 शैक्षणिक पदों के राज्य सरकार द्वारा सृजन व स्वीकृति का अनुमोदन

**निर्णय :–** मा0 कुलपति एवं अध्यक्ष महोदय ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत उक्त शैक्षणिक पदों की भर्ती यू.जी.सी. द्वारा निर्धारित योग्यता नियमों/दिशा निर्देशों व अनुभव के आधार पर किया जावेगा।

मा0 विधायक श्री जयराम जाटव ने शासन को पहले से भेजे गये प्रस्ताव में शेष रहे चार विभागों के लिये राज्य सरकार को पुनः प्रस्ताव भेजे जाने का सुझाव दिया। डॉ0 हुकम सिंह ने संस्कृत विभाग संचालित किये जाने का विचार प्रकट किया तथा डॉ0 नाटिया व डॉ0 जी.डी. मेहंदीरत्ता ने वाणिज्य और मैनेजमेन्ट विभाग को भी संचालित किये जाने का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजने का सुझाव दिया।

राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत कुल 30 शैक्षणिक पदों को भरने का उक्त प्रस्ताव सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।

**बिन्दु संख्या 09** :– नवीन महाविद्यालयों की सम्बद्धता का अनुमोदन।

**बिन्दु संख्या 10** :– पूर्व संचालित महाविद्यालयों की सम्बद्धता अभिवृद्धि का अनुमोदन।

**बिन्दु संख्या 11** :– महाविद्यालयों में नवीन विषय/पाठ्यक्रम/सीट अभिवृद्धि हेतु अनुमोदन।

**निर्णय :–** उपरोक्त एजेन्डा बिन्दु संख्या 09, 10 एवं 11 पर विचार करने के लिये मा0 विधायक श्री जयराम जाटव ने 15 दिवस में प्रबन्ध मण्डल की पुनः एक बैठक बुलाये जाने का सुझाव दिया।

**बिन्दु संख्या 12** :– अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य बिन्दु।

1. डॉ0 केशरी नंदन मिश्र ने सुझाव दिया की विश्वविद्यालय द्वारा 'मूल्य आधारित शिक्षा' विषय पर एक सेमिनार आयोजित किया जाये। प्रो0 गुलाब सिंह चौहान ने सुझाव दिया कि इसके लिए डॉ0 बी.एल. नाटिया से सहयोग लिया जा सकता है। सर्वसम्मति से डॉ0 बी.एल. नाटिया को इस कार्यक्रम का संयोजक बनाया गया और इसकी रूपरेखा तैयार करने को कहा गया।
2. डॉ0 बनवारी लाल नाटिया, संयोजक, नियम/विनियम/परिनियम/ऑर्डिनेंस निर्माण समिति ने विश्वविद्यालय के नियम/विनियम/परिनियम/ऑर्डिनेंस निर्माण हेतु जयपुर स्थित विशेषज्ञ एडवोकेट से सहयोग लिये जाने तथा उन्हें इसके लिये पारिश्रमिक (Remuneration) दिये जाने का सुझाव दिया, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया।

23.12.17

कुल सचिव 23/12/17 | कुलपति

# राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर

(अस्थाई कार्यालय : महिला छात्रावास भवन, बाबूशोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय परिसर, अलवर)
☎ Phone : 0144-2730321, 2730327, 2980046 FAX : 0144-2730321
Website :- www.rrbmuniv.ac.in


क्रमांक :– रात्रभमवि / अलवर / अकादमिक–I / 2018 / 92/II दिनांक :– 02.01.2018

## प्रबन्ध मण्डल की पंचम बैठक दिनांक 26.12.2017 का कार्यवाही विवरण

दिनांक 26–12–2017 दिन मंगलवार प्रातः 11:00 बजे राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर में माननीय कुलपति कक्ष में विश्वविद्यालय प्रबन्ध मण्डल की बैठक हुई, जिसमें निम्नलिखित माननीय सदस्य उपस्थित हुए :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. डॉ० भारत सिंह | – | मा० कुलपति एवं अध्यक्ष |
| 2. श्री धर्मपाल चौधरी | – | माननीय विधायक, मुण्डावर (अलवर) एवं सदस्य |
| 3. डॉ० एम.पी. तिवारी | – | प्रख्यात शिक्षाविद एवं सदस्य |
| 4. डॉ० केशरी नंदन मिश्र | – | प्रख्यात शिक्षाविद एवं सदस्य |
| 5. श्री आर.सी. अग्रवाल | – | प्राचार्य एवं सदस्य |
| 6. डॉ० अखिलेश गुप्ता | – | प्राचार्य एवं सदस्य |
| 7. डॉ० जी.डी. मेहंदीरत्ता | – | डीन, कॉमर्स संकाय एवं सदस्य |
| 8. डॉ० हुकम सिंह | – | डीन, कला संकाय एवं सदस्य |
| 9. श्री रमेश चन्द भारद्वाज | – | रजिस्ट्रार एवं सदस्य सचिव |

बैठक के प्रारम्भ में मा० कुलपति एवं अध्यक्ष डा० भारत सिंह ने उपस्थित सदस्यों को नये माननीय सदस्य डॉ० एम.पी. तिवारी का परिचय कराया। इसके पश्चात श्री रमेश चन्द भारद्वाज, रजिस्ट्रार ने सभी माननीय सदस्यों का स्वागत किया। मा० अध्यक्ष महोदय ने चालू शैक्षणिक सत्र 2017–18 में विश्वविद्यालय की उपलब्धियों व गतिविधियों की सभी को जानकारी कराई।

इसके पश्चात मा० अध्यक्ष की अनुमति से एजेंडा बिन्दुओं पर विचार विमर्श कर निर्णय लिये गये।

**बिन्दु संख्या 01 :– गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि।**

रजिस्ट्रार श्री रमेश चन्द भारद्वाज ने गत बैठक दिनांक 06.12.2017 में लिए गए निर्णयों पर विश्वविद्यालय द्वारा की गई कार्यवाही का विवरण प्रस्तुत किया। विचार विमर्श के पश्चात गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गयी।

<u>बिन्दु संख्या 02 :–</u>

**नवीन महाविद्यालयों/ पूर्व संचालित महाविद्यालयों की सम्बद्धता, नवीन विषय/ पाठ्यक्रम/ सीट अभिवृद्धि के संबंध में विचार एवं अनुमोदन।**

माननीय अध्यक्ष महोदय ने सम्बद्ध महाविद्यालयों में विश्वविद्यालय निरीक्षक मंडल द्वारा कराए जाने वाले निरीक्षणों की सम्पूर्ण प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी कराई। इसके बाद सम्बद्ध महाविद्यालयों की निरीक्षण रिपोर्ट से माननीय सदस्यों को अवगत कराया गया।

<u>निर्णय :–</u> नवीन महाविद्यालयों/ पूर्व संचालित महाविद्यालयों की सम्बद्धता, नवीन विषय/ पाठ्यक्रम/ सीट अभिवृद्धि के बारे में विश्वविद्यालय निरीक्षण मंडल द्वारा पारित निर्णयों का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

<u>बिन्दु संख्या 03</u> :– अन्य बिन्दु अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।

(i) माननीय अध्यक्ष महोदय ने यह अवगत कराया कि माननीय उच्च शिक्षा मंत्री श्रीमती किरण माहेश्वरी जी ने गत दिनांक 18.12.2017 को अलवर आगमन पर स्ववित्तपोषित योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों की आवश्यकता के अनुसार रोजगारोन्मुखी कोर्स चलाए जाने हेतु कहा, जिसे सभी सदस्यों ने छात्रों के लिए उपयोगी बताया और विचार विमर्श कर सर्वसम्मति से स्ववित्तपोषित योजना के अंतर्गत निम्नलिखित पाठ्यक्रम (Course) विश्वविद्यालय द्वारा संचालित किए जाने का निर्णय लिया–

(1) एम.ए. (योग) (2) एम.ए. (शिक्षा) (3) एम.ए. (दर्शनशास्त्र) (4) एम.ए. (लोकप्रशासन) (5) एम.एससी. भूगर्भ विज्ञान (Geology) (6) एम.ए. (समाज कार्य –Social Work) (7) एम.एससी. औद्योगिक रसायन (Industrial Chemistry) (8) एम.एससी.(Food Technology & Food Preservation) (9) अनुवाद में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (10) Certificate Course in Computer & Accountancy (11) स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पत्रकारिता) (12) स्नातकोत्तर (Drawing & Painting )

बैठक के समापन पर रजिस्ट्रार श्री रमेश चन्द भारद्वाज ने समस्त उपस्थित माननीय सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

कुलसचिव (प्रभार) कुलपति